# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 8TH



aglasem.com

Class : 8th

Subject : दूर्वा

Chapter : 13

Chapter Name : अन्याय के खिलाफ

Q1 (क) आंध्र के घने जंगलों में रहने वाले आदि-वासियों के बीच अपना हक जमाने के लिए अंग्रेज़ों ने क्या किया?

(ख) श्री राम राजू कौन था? उसने अंग्रेज़ों के सामने आत्मसमर्पण क्यों किया?

(ग) अंग्रेज़ों से लड़ने के लिए कोया आदिवासी क्या-क्या करते थे?

(घ) कोया आदिवासियों के विद्रोह को स्वतंत्रता संग्राम क्यों कहना चाहिए?

Answer. (क) अंग्रेज़ों ने आंध्र के घने जंगलों में रहने वाले आदि-वासियों के बीच अपना हक जमाने के लिए उनके राशन-पानी ले जाने वाले रास्ते बंद कर दिए जिससे एक जगह से दूसरी जगह सामान का आदान-प्रदान भी मुश्किल हो गया ।

(ख) श्रीराम राजू  एक साधु थे | साधु बनने के बाद वह जंगल में आकर रहने लगे और वहाँ के आदि-वासियों के साथ घुल-मिल गए। अंग्रेज़ों द्वारा आदि-वासियों को परेशान किया जाता था | यह देखकर उन्होंने अंग्रेज़ों के खिलाफ़ विद्रोह शुरू कर दिया लेकिन वे हार गए तो उन्होंने सोचा यदि मैं आत्म समर्पण कर दूँ तो अँग्रेज़ आदि-वासियों को परेशान करना बंद कर देंगे। इसलिए उन्होंने आत्म-समर्पण कर दिया |

(ग) अंग्रेज़ों से लड़ने के लिए कोया आदिवासी सँकरी पगडंडियों के आसपास जंगलों में छिपे रहते थे। उन पगडंडियों  से जब  अंग्रेजी सेना की टुकड़ी गुजरती थी तो उनमें से भारतीय सेना को छोड़ देते और अंग्रेजी सेना को मार देते थे।

(घ) कोया आदि-वासियों के विद्रोह को स्वतंत्रता संग्राम इसलिए कहना चाहिए क्योंकि वह अपने हक के लिए लड़ रहे थे और अपने हक के लिए कोई भी लड़ाई स्वतंत्रता से कम नहीं होती ।  वे स्वतंत्र होकर अपनी जिंदगी जीना चाहते थे ।

Page : 90 , Block Name : पाठ से

Q2 "भारत के लोगों को अँग्रेज़ सरकार का सहयोग नहीं करना चाहिए और उनका काम बंद कर देना चाहिए। अगर कोई अँग्रेज़ अन्याय करेगा तो हम अन्याय सहने से इंकार करेंगे।"

ऊपर श्रीराम राजू द्वारा आदिवासियों से गाँधी जी की कही हुई बात का उल्लेख हुआ है। गाँधी जी ने स्वतंत्रता संग्राम के लिए बहुत सारी बातें कही थी। यह सब तुम्हें गाँधी जी पर लिखी गई किताबों, फ़िल्मों और अन्य जगहों पर मिल सकता है। तुम उनकी कही हुई बातों में जो बहुत महत्वपूर्ण समझो उसको अपने साथियों को बताओ।

Answer.

aglasem.com

- अहिंसा के रास्ते पर चलने की बात गांधीजी ने आजादी की लड़ाई में शामिल हर शख्स से कही थी।
- शाकाहारी भोजन को गांधीजी ने अपने जीवन का एक अभिन्न अंग बना लिया था।
- गांधीजी ने कहा था - अगर आप अपनी जिंदगी करना चाहते है तो अपने आप को बदले |
- आपके कर्म आपकी प्राथमिकता को दर्शाते है |

Page : 90 , Block Name : गाँधीजी की बात

Q3 तुमने इस पाठ में भारत की आज़ादी के लिए संघर्ष करने वाले दो व्यक्तियों के नामों को जाना। एक गाँधी जी और दूसरा श्रीराम राजू। पता करो कि भारत की आज़ादी के लिए संघर्ष करने वालों में तुम्हारे प्रदेश से कौन-कौन व्यक्ति थे। उनमें से किसी एक के बारे में कक्षा में चर्चा करो।

Answer - जवाहर लाल नेहरू, झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई, शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद आदि देशभक्तों ने भारत की आज़ादी के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

Page : 90 , Block Name : देशभक्तों के नाम

Q4 (i)"दो दिन में जंगल में सड़क बनाने का काम शुरू होगा। तुम सब लोगों को इस काम पर पहुँचना है। अगर नहीं पहुँचे तो ठीक नहीं होगा।"

(ii)"काम करेंगे तो बदले में क्या मिलेगा।"

ऊपर के कथनों में पहला कथन तहसीलदार बेस्टीयन का है जो आदिवासियों के गाँवों मे जाकर चिल्ला-चिल्लाकर बोला था और दूसरा कथन आदिवासियों में से किसी का है जो तहसीलदार से पूछना चाहा था। अब तुम सोचकर बताओ कि–

(क) तुम्हारे विचार से बेस्टियन का कथन ठीक होगा?

(ख) आदिवासियों में से किसी के द्वारा कहा गया वह कथन कैसा है? तुम्हारे विचार से क्या ठीक होगा?

(संकेत :-तुम अपनी पसंद के कथन को अपने ढंग से लिख सकते हो)

Answer. (क) बेस्टियन का कथन ठीक नहीं है क्योंकि वह आदिवासियों को डरा-धमकाकर ज़बरदस्ती काम करवाना चाहता था|

(ख) आदिवासियों का कथन बिल्कुल सही था। काम के बदले उन्हें कितना मेहनताना मिलेगा ये जानना उनका हक़ था|

Page : 90 , Block Name : क्या ठीक होगा

Q5 (i) सड़क बनाने में किन-किन सामानों की ज़रूरत होती है? पता करके लिखो।

(ii) इन प्रदेशों में कौन-कौन से आदिवासी रहते हैं? पता करके लिखो?

(क) झारखंड

aglasem.com

(ख) छत्तीसगढ़

(ग) उड़ीसा

(घ) मिजोरम

(ङ) अंडमान निकोबार द्वीप समूह

Answer. (i) सड़क बनाने में डामर, सीमेन्ट, रेत, फावड़ा, कुदाल, रोड रोलर आदि की आवश्यकता पड़ती है।

(ii) (क) झारखंड - संथाल, मुंडा

(ख) छत्तीसगढ़ - मुरिया, हाल्बा, भतरा

(ग) उड़ीसा - जुंगा, कुटिया कोंध

(घ) मिजोरम - रियांग, मीज़ो

(ङ) अंडमान निकोबार द्वीप समूह - ओंज निकोबारी, जरावा

Page : 91 , Block Name : पता करों

Q6 तुम्हारे विचार से

(क) राजू हाई स्कूल तक पढ़ाई करने के बाद जंगलों में रहने क्यों आया होगा ?

(ख) राजू के शहीद होने का आदि-वासियों के आंदोलन पर क्या असर हुआ होगा ?

Answer. राजू आदि-वासियों को अंग्रेजों के प्रकोप से बचाना चाहता था। उसे उनकी सहायता का कोई दूसरा रास्ता नहीं सूझा इस कारण वह हाई स्कूल की पढ़ाई करने के बाद साधू का वेश धारण करके आया।

(ख) राजू आदि-वासियों के लिए आशा की किरण सामान था। उसके शहीद हो जाने से मानो वह किरण भी कहीं खो गयी और आदि-वासियों का मनोबल पूरी तरह से टूट गया। अतः वे पुनः अंग्रेजों के गुलाम हो गए ।

Page : 91 , Block Name : तुम्हारे विचार से

Q7 "लोगों की बंदूकों के कारतूस खत्म हो गए।"

ऊपर का यह वाक्य इसी पाठ का है जिसमें आदिवासियों के द्वारा बंदूकों व कारतूसों के प्रयोग का भी प्रमाण मिलता है। इस पाठ की खोजबीन करो तो पाओगे कि आदिवासी "पुलिस चौकियों या सेना पर हमला कर देते थे और उनके अस्त्र-शस्त्र लूटकर भाग जाते थे।" अब तुम ज़रूर समझ गए होगे कि आदिवासियों ने बंदूकों व कारतूसों का प्रयोग कैसे किया। 'कारतूसों' ने सन् 1857 में स्वतंत्रता की चिंगारी को फैलाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। समूह बनाकर इसके बारे में खोजबीन करो। कक्षा के प्रत्येक समूह में से एक प्रतिनिधि सबको अपनी खोजबीन के बारे में बताएगा।

Answer. छात्र स्वयं करें।

aglasem.com

 

Page : 91 , Block Name: खोजबीन

Q8 नीचे लिखे गए वाक्यों में मुहावरों का प्रयोग किया गया है। इन्ही मुहावरों का प्रयोग करते हुए तुम कुछ नए वाक्य बनाओ।

(क) एक सिपाही ने उसका काम तमाम कर दिया।

(ख) आदि-वासियों की हिम्मत जवाब देने लगी ।

(ग) अंग्रेजों ने अपने दांतों तले ऊँगली दबा ली।

(घ) किसी को कानों कान खबर न हो।

(ड़) अँग्रेज़ सरकार के छक्के छूट गए।

(च) अँग्रेज़ के होश उड़ गए।

(छ) भारतीय सैनिकों का बालबांका न होने पाए।

Answer. (क) ईमानदार सिपाही ने भ्रष्ट नेता का काम तमाम कर दिया।

(ख) उसकी बीमारी है की ठीक होने का नाम ही नहीं ले रही अब मेरी हिम्मत भी जवाब देने लगी है।

(ग) नट का करतब देखकर सभी ने अपने दांतों तले ऊँगली दबा ली।

(घ) रमेश दिल्ली में 5 साल से रह रहा है और उसने मुझे कानों कान खबर तक न लगने दी।

(ड़) फुटबाल मैच में सरस्वती सदन के खिलाड़ियों ने यमुना सदन के छक्के छुड़ा दिए।

(च) रात में अचानक अनजान आदमी की आहट सुन मेरे होश उड़ गए।

(छ) अँग्रेज़ हमारे भारतीय सैनिकों का बाल भी बांका न कर पाए।

aglasem.com

Page : 91 , Block Name: मुहावरे

Q9 ‘मन और मन’

(क) आदिवासियों के साथ मन-मर्जी नहीं की जा सकती।

उसके पास कई मन गेहूँ था।

ऊपर के पहले वाक्य में 'मन' का मतलब है –दिल, हृदय।

दूसरे वाक्य में 'मन' नाप-तौल का एक शब्द है। इस तरह मन के दो अर्थ हैं। ऐसे शब्दों को अनेकार्थक शब्द कहते हैं। नीचे दिए गए शब्दों को पढ़ो और वाक्य बनाओ।

सोना – सो जाना (नींद)

स्वर्ण, एक धातु

उत्तर – एक दिशा

जवाब

हार – पराजय, हार जाना

माला

Answer.

- सोना

  सो जाना (नींद) - ऑफिस से आने के बाद मैं सोना चाहता था |

  स्वर्ण, एक धातु - सोने के आभूषण महँगे होते है |

- उत्तर

  एक दिशा - भारत के उत्तर में चीन है |

  जवाब - मैंने परीक्षा में सभी प्रश्नों के उत्तर दिए |

- हार

  पराजय, हार जाना - खेल में हार-जीत तो लगी रहती है |

  माला - गुलाब के फूलों का हार सुंदर है |

Q10 वचन बदलो

(i) सिपाही ने राजू पर गोली चलाई।

सिपाहियों ने ...........................................

(ii) उगी हुई फसल को जलाया जाने लगा।

............................................................

(iii) आदिवासी की हिम्मत जवाब दे गई।

............................................................

(iv) आगे से यह सवाल मत पूछना।

............................................................

Answer.

aglasem.com

(i) सिपाहियों ने राजू पर गोलियाँ चलाई।

(ii) उगी हुई फसलों को जलाया जाने लगा।

(iii) आदिवासियों की हिम्मत जवाब दे गई।

(iv) आगे से इन सवालों को मत पूछना।

Page : 92 , Block Name : वचन बदलो

Q11 समझकर रूप बदलो

भाववाचक संज्ञा से विशेषण बनाओ।

घमंड     घमंडी

हिम्मत     ....................

साहस     ....................

स्वार्थ     ....................

अत्याचार     ....................

विद्रोह     ....................

Answer.

घमंड     घमंडी

हिम्मत     हिम्मती

साहस     साहसी

स्वार्थ     स्वार्थी

अत्याचार     अत्याचारी

विद्रोह     विद्रोही

Page : 92 , Block Name : समझकर रूप बदलो

aglasem.com